**आकाशवाणी श्री विजयपुरम**

दिनांक : 09.08.2026 समय : 1905

<><><><><><><>

1. उपराष्ट्रपति सी. पी. राधाकृष्णन ने आज श्री विजयपुरम् के फ्लैग प्वाइंट पर राष्ट्रीय ध्वज फहराकर 'हर घर तिरंगा अभियान' का शुभारंभ किया।
2. प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने, भारत छोड़ो आंदोलन में भाग लेने वाले सभी स्वतंत्रता सेनानियों और आंदोलनकारियों को श्रद्धांजलि अर्पित की।
3. मत्स्य संग्रहालय–सह–जलजीव गृह परिसर में बिक्री केंद्र स्थापित किया जाएगा।
4. डीब्रेट में बी.टेक कार्यक्रमों की बची हुई सीटों पर प्रवेश के लिए कल परामर्श कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा।

<><><><><><><>

उपराष्ट्रपति सी. पी. राधाकृष्णन ने आज श्री विजयपुरम् के फ्लैग प्वाइंट पर राष्ट्रीय ध्वज फहराकर 'हर घर तिरंगा अभियान' का शुभारंभ किया। इस अवसर पर उन्होंने स्वतंत्रता संग्राम के वीर सेनानियों को श्रद्धांजलि अर्पित अपने संबोधन में उपराष्ट्रपति ने द्वीपसमूह के स्वतंत्रता संग्राम से जुड़े गौरवशाली इतिहास को याद किया। उन्होंने कहा कि यह वही धरती है, जहां स्वतंत्रता सेनानियों ने देश की आजादी के लिए कठोर यातनाएं सहीं। श्री राधाकृष्णन ने सेल्युलर जेल के ऐतिहासिक महत्व का उल्लेख करते हुए स्वतंत्रता सेनानियों के त्याग और बलिदान को नमन किया। उन्होंने 30 दिसंबर उन्नीस सौ तैंतालीस के उस ऐतिहासिक दिन को भी याद किया, जब नेताजी सुभाष चंद्र बोस ने पोर्ट ब्लेयर में तिरंगा फहराया था। उपराष्ट्रपति ने 'वंदे मातरम्' के महत्व का उल्लेख करते हुए कहा कि इस गीत ने स्वतंत्रता आंदोलन के दौरान देशवासियों में राष्ट्रीय भावना और एकता को मजबूत करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। उन्होंने द्वीप समूह को भारत की विविधता और एकता का प्रतीक बताया तथा देश के विकास और पर्यावरण संरक्षण के बीच संतुलन बनाए रखने पर जोर दिया। उपराष्ट्रपति ने आज डॉ. बी. आर. अंबेडकर प्रौद्योगिकी संस्थान के सभागार में आयोजित 'तिरंगा कॉन्सर्ट ऑन वंदे मातरम्' में भी भाग लिया। उन्होंने नेताजी सुभाष चंद्र बोस द्वीप में ऐतिहासिक स्थलों का दौरा किया, जिसमें वह इमारत भी शामिल हैं, जहाँ दिसंबर उन्नीस सौ तैंतालीस में अपनी ऐतिहासिक अंडमान द्वीप यात्रा के दौरान नेताजी सुभाष चंद्र बोस ठहरे थे। उन्होंने चर्च, ट्रूप्स बैरक, गन पॉइंट क्षेत्र और स्मृतिका संग्रहालय का भी दौरा किया, जहाँ उन्हें द्वीपसमूह के समृद्ध इतिहास और इसके भावी विकास के लिए प्रस्तावित योजनाओं के बारे में जानकारी दी गई।

<><><><><><><>

हर घर तिरंगा अभियान आज से 17 अगस्त तक चलेगा। गृह मंत्री अमित शाह पुदुचेरी से हर घर तिरंगा यात्रा को रवाना की। अभियान का उद्देश्य देशवासियों को अपने घरों पर तिरंगा फहराने और देशभक्ति तथा राष्ट्रीय एकता से जुड़े कार्यक्रमों में भाग लेने के लिए प्रोत्साहित करना है। हर घर तिरंगा अभियान पूरे देश में नागरिकों में देशभक्ति की भावना को बढ़ावा देने, राष्ट्रीय एकता को मजबूत करने और भारत की सांस्कृतिक विरासत को प्रदर्शित करने के लिए मनाया जा रहा है। यह अभियान हर घर तिरंगा पहल का पांचवा वर्ष है। इसकी शुरुआत 2022 में हुई थी और तब से यह देश के सबसे बड़े जनभागीदारी आंदोलनों में से एक बन गया है। भारत के राष्ट्रीय गीत "वंदे मातरम" की 150वीं वर्षगांठ होने के कारण इस वर्ष का अभियान विशेष महत्व रखता है। उत्सव के हिस्से के रूप में, पूरे देश में सामूहिक रूप से वंदे मातरम का गायन आयोजित किया जाएगा।

<><><><><><><>

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने, भारत छोड़ो आंदोलन में भाग लेने वाले सभी स्वतंत्रता सेनानियों और आंदोलनकारियों को आज श्रद्धांजलि अर्पित की। सोशल मीडिया पोस्ट में श्री मोदी ने कहा कि इन वीरों का साहस हमेशा हर भारतीय के लिए प्रेरणास्रोत बना रहेगा। प्रधानमंत्री ने कहा कि महात्मा गांधी के नेतृत्व से प्रेरित होकर, भारत छोड़ो का आह्वान देश के स्वतंत्रता संग्राम में नई ऊर्जा लेकर आया।

उन्होंने कहा कि इस आंदोलन ने औपनिवेशिक शासन से मुक्ति पाने के लिए भारतीय जनता के अटूट संकल्प को प्रतिबिंबित किया।

<><><><><><><>

जनजातीय लोगों के अधिकारों, संस्कृति, परम्परा और योगदान को मान्यता देने के लिए आज दुनिया भर में विश्व जनजातीय दिवस मनाया जा रहा है। संयुक्त राष्ट्र ने वर्ष उन्नीस सौ चौरानब्बे में जनजातीय लोगों के बारे में जागरूकता पैदा करने और उनकी संस्कृति तथा पारम्परिक ज्ञान प्रणाली का संरक्षण करने के लिए इस दिवस की शुरूआत की थी। इस वर्ष की मुख्य विषय है– जनजातीय धाय सम्मान – जीवन और देखभाल का संरक्षण। यह प्रसूति देखभाल जन और सामुदायिक स्वास्थ्य में जनजातीय धाय की भूमिका का उल्लेख करता है।

<><><><><><><>

मत्स्य विभाग ने द्वीपसमूह के पात्र स्वयं सहायता समूहों से विभाग के मत्स्य संग्रहालय–सह–जलजीव गृह परिसर में बिक्री केंद्र स्थापित करने के लिए आवेदन आमंत्रित किए हैं। इस बिक्री केंद्र के माध्यम से मत्स्य उत्पादों तथा विभाग द्वारा अनुमोदित अन्य वस्तुओं की बिक्री की जाएगी। इसका उद्देश्य स्वयं सहायता समूहों को आजीविका के अवसर उपलब्ध कराना और संग्रहालय आने वाले पर्यटकों को बेहतर सुविधाएं प्रदान करना है। इच्छुक एवं पात्र स्वयं सहायता समूह निर्धारित दस्तावेजों के साथ अपने संबंधित खंड विकास अधिकारी की अनुशंसा सहित आवेदन 16 अगस्त तक सहायक निदेशक, मत्स्य संग्रहालय–सह–एक्वेरियम, कार्यालय में जमा कर सकते हैं।

<><><><><><><>

केंद्रीय द्वीपीय कृषि अनुसंधान संस्थान की ओर से कृषि यांत्रिकीकरण और कटाई–उपरांत प्रौद्योगिकी के क्षेत्र में नवाचार, उद्यमियों और स्टार्टअप्स से आवेदन आमंत्रित किया गया है। इस कार्यक्रम का उद्देश्य नवोन्मेषकों को परामर्श इन्क्यूबेशन तथा मार्गदर्शन सहायता प्रदान करना है। चयनित उम्मीदवारों के लिए दो महीने का इन्क्यूबेशन कार्यक्रम आयोजित होगा। इस कार्यक्रम के तहत द्वीप कृषि प्रौद्योगिकियाँ, नारियल और मसालों का मूल्य संवर्धन, एकीकृत मत्स्य पालन, संरक्षित खेती, जैविक खेती के उत्पाद और जलवायु–अनुकूल कृषि जैसे क्षेत्रों को शामिल किया जाएगा। इच्छुक उद्यमी और स्टार्टअप पन्द्रह अगस्त तक क्यारी के आधिकारिक वेबसाइट पर उपलब्ध लिंक के माध्यम से अपना आवेदन जमा कर सकते हैं।

<><><><><><><>

अण्डमान निकोबार एम्पोरियम – 'सागरिका' के विभागीय आउटलेट के माध्यम से विपणन सहायता प्राप्त करने के इच्छुक सभी स्थानीय पंजीकृत स्वयं सहायता समूह सहकारी समितियों, एसएमई, कारीगरों और हस्तशिल्प उत्पादों के निर्माण में लगे व्यक्तियों से आवेदन आमंत्रित किए गए हैं। सभी इच्छुक आवेदक स्वीकृति और अंतिम बिक्री मूल्य निर्धारण के लिए 19 अगस्त, तक हस्तशिल्प उत्पादों की प्रस्तावित कीमतों, नमूनों और प्रत्येक नमूने की तस्वीरों के साथ निर्धारित प्रारूप में अपना आवेदन जमा कर सकते हैं। आवेदन पत्र सागरिका के सभी आउटलेटों, सहायक निदेशक कार्यालय और विभाग के सभी विस्तार कार्यालयों में उपलब्ध है।

<><><><><><><>

डॉ. बी. आर. अम्बेडकर प्रौद्योगिकी संस्थान में शैक्षणिक सत्र 2026–27 के लिए बी.टेक कार्यक्रमों की बची हुई सीटों पर प्रवेश हेतु परामर्श कल आयोजित की जाएगी। परामर्श सुबह साढ़े नौ बजे संस्थान के सम्मेलन कक्ष में लिया जाएगा। इसके लिए पंजीकरण सुबह साढ़े आठ बजे से साढ़े नौ बजे तक होगा। अभ्यर्थियों को परामर्श के दौरान अपने सभी आवश्यक दस्तावेजों के साथ उपस्थित होना अनिवार्य है।

<><><><><><><>

डॉ. भीम राव अंबेडकर प्रौद्योगिकी संस्थान में शैक्षणिक सत्र 2026–27 के लिए अतिथि संकाय, अंशकालिक प्रशिक्षक और योग प्रशिक्षकों की भर्ती हेतु तेरह अगस्त को साक्षात्कार आयोजित किया जाएगा। इसमें डेमो, थ्योरी और प्रैक्टिकल शामिल होंगे। योग्यता, साक्षात्कार कार्यक्रम और डेमो विषय संस्थान की वेबसाइट पर उपलब्ध हैं। अधिक जानकारी के लिए अकादमिक सेल से सभी कार्य दिवसों में सुबह 10 से दोपहर 3 बजे तक संपर्क किया जा सकता है।